प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 13.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य सरकार ने आदिम जनजाति बहुल इलाकों के लिए आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका चयन नियमावली में किया संशोधन, अब दो किलोमीटर के दायरे वाले अभ्यर्थियों का भी होगा चयन।
- हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या के पांच दिन बाद आंदोलन समाप्त, काम पर लौटे एनटीपीसी के पदाधिकारी और कर्मचारी।
- राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा – 26 हज़ार शिक्षकों की नियोजन प्रक्रिया जल्द होगी शुरू, 10 हजार जनजातीय शिक्षकों की भी होगी बहाली ।
- आईआईटी आईएसएम धनबाद को वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में खनन और खनिज इंजीनियरिंग विषय के लिए मिला 20वां स्थान।
- सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप जीतकर आज शाम रांची पहुंचेगी झारखंड की टीम, हॉकी झारखंड की ओर से खिलाड़ियों का एयरपोर्ट पर किया जायेगा स्वागत।

*******************

राज्य सरकार ने आदिम जनजाति बहुल इलाकों के लिए आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के चयन की नियमावली में संशोधन किया है। इन इलाकों में शैक्षणिक योग्यताधारी के दायरे की सीमा एक किलोमीटर से बढ़ाकर 2 किलोमीटर तक कर दी गई है। इस संशोधन के बाद आदिम जनजाति बहुल इलाकों के 2 किलोमीटर के दायरे से आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं का चयन हो सकेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया है।

*******************

हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या के पांच दिन बाद आज आंदोलन समाप्त हो गया और एनटीपीसी के पदाधिकारी और कर्मचारी काम पर लौट आये़ हैं। पिछले पांच दिनों से कोयला का रैक जाना बंद था। इसे देखते हुए नई दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक कर निर्णय लिया गया कि सभी कर्मी और पदाधिकारी काम पर लौटेंगे। संगठन ने जो मांगें रखी थीं वे मान ली गईं हैं । एनटीपीसी के जीएम संजय कुमार दुबे ने बताया कि कर्मियों की सुरक्षा को लेकर जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

*******************

राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा है कि 26 हज़ार शिक्षकों की नियोजन प्रक्रिया जल्द शुरू की जायेगी तथा 10 हजार जनजातीय शिक्षक भी बहाल किये जायेंगे। श्रीसोरेन सरायकेला के गम्हरिया स्थित केन्द्रीय जाहेरथान में बाहा बोंगा पर्व में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

*******************

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर तथा सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव विश्व दृश्य श्रव्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन –वेव्स –2025 से पहले आज नई दिल्ली में वैश्विक समुदाय के साथ विचार साझा करेंगे। वेव्स शिखर सम्मेलन का पहला संस्करण पहली से 4 मई तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

*******************

रामगढ़ जिले के विभिन्न एनजीओ में कार्यरत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जूट से तैयार उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

*******************

गुमला जिले के आकांक्षी प्रखंड डुमरी में किए जा रहे विकास कार्यों का नीति आयोग के संयुक्त सचिव के एस रीजीमोन और शुभम राय ने जायजा लिया। इस दौरान मॉडल विलेज के रूप में विकसित औरापाठ गांव में पीवीटीजी समुदाय के लोगों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ली।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

झारखंड के धनबाद स्थित आईआईटी आईएसएम को वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 20वां स्थान मिला है। आईआईटी आईएसएम धनबाद को पूरी दुनिया में खनन और खनिज इंजीनियरिंग विषय के लिए यह स्थान प्राप्त हुआ है। रैंकिंग के 15वें संस्करण के अनुसार दुनिया के शीर्ष 50 संस्थानों में 12 भारतीय संस्थान शामिल हैं।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज होलिका दहन का आयोजन किया जायेगा। इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। वहीं होली और रमजान को लेकर राज्यभर में प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कोडरमा के संवेदनशील इलाकों में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के साथ पुलिसबलों की तैनाती की गई है और ड्रोन कैमरे से नजर रखी जा रही है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने लोगों से सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की है। उधर पूर्वी सिंहभूम के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस बल ने पैदल मार्च निकाला। एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि त्योहार को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह सतर्क है।

*******************

इधर बोकारो स्टील सिटी और चास नगर निगम क्षेत्र में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था की अपील की गई है।
उधर धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने जिले में फ्लैग मार्च कर शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की।

*******************

सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में पहली बार विजेता बनकर झारखंड टीम की सभी खिलाड़ी शाम सवा पांच बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची पहुचेंगी। झारखंड आगमन पर एयरपोर्ट पर चैम्पियन बेटियों का हॉकी झारखंड की ओर से शानदार स्वागत किया जाएगा।

*******************

संक्षिप्त खबरें

- रांची और गुमला पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर पीएलएफआई के केंद्रीय कमिटी सदस्य दुर्गा सिंह उर्फ पंजरी उर्फ प्रभाकर सहित कई उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। उग्रवादियों की गिरफ्तारी गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र से हुई है।
- पलामू के मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में छापेमारी की गई। इस दौरान जेल प्रशासन का सहयोगात्मक रवैया नहीं रहा। इस पर प्रशासनिक पदाधिकारी ने नाराजगी जताई है और जेल सुपरिंटेंडेंट भागीरथ करजी से स्पष्टीकरण मांगने तथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।
- देवघर के कुंडा थाना क्षेत्र के बांधडीह इलाके में जम्मू–कश्मीर पुलिस ने छापेमारी कर एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। उस पर एक लाख रुपए की ठगी का आऱोप है।

*******************